भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1864
बुधवार, 4 दिसम्बर, 2019/13 अग्रहायण, 1941 (शक)

असंगठित क्षेत्र में नियोजित कार्यबल

1864. श्री तिरुची शिवाः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2014 से वर्ष 2019 के दौरान देश में असंगठित क्षेत्र में कामगारों की संख्या के वर्ष-वार आंकड़े क्या हैं;

(ख) वर्ष 2014 से वर्ष 2019 के दौरान देश के असंगठित क्षेत्र में वर्ष-वार कितनी-कितनी महिलाएं नियोजित की गई हैं; और

(ग) वर्ष 2014 से वर्ष 2019 के दौरान संविदात्मक आधार पर कितने कामगारों को नियोजित किया गया है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) तथा श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए रोजगार-बेरोजगारी संबंधी वार्षिक सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों (सार्वजनिक तथा निजी सहित) का सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात नीचे दिया गया है:

कामगार जनसंख्या अनुपात (% में)			
सर्वेक्षण के वर्ष	पुरूष	महिला	व्यक्ति
2017-18 (पीएलएफएस)	**71.2**	**22.0**	**46.8**
श्रम ब्यूरो के सर्वेक्षण			
2015-16	**73.3**	**25.8**	**50.5**
2013-14	**73.5**	**29.6**	**53.7**

(टिप्पणीः पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो के सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)

*****